**भारत सरकार**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय**
**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 1082**
**22 जुलाई, 2022 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर**

## उत्तर प्रदेश में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य और वेलनेस केन्द्र

**1082. श्री श्याम सिंह यादव:**

**क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) उत्तर प्रदेश में विशेष रूप से जौनपुर जिले में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कितने स्वास्थ्य और वेलनेस केंद्र स्थापित किए गए हैं;

(ख) इस संबंध में उत्तर प्रदेश में जिला-वार कितनी धनराशि व्यय की गई है;

(ग) इस प्रयोजन के लिए उपयोग की गई धनराशि के स्रोत क्या हैं;

(घ) क्या सरकार को जानकारी है कि ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को अपना आयुष्मान कार्ड प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है और यदि हां, तो इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं; और

(ङ) आयुष्मान भारत योजना में शामिल होने के लिए पात्र व्यक्तियों की राज्य में जिला-वार संख्या कितनी है?

**उत्तर**

**स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)**

(क): आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्र (एबी-एचडब्ल्यूसी) स्कीम व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं की प्रदानगी के माध्यम से प्रगामी रूप से व्यापक स्वास्थ्य कवरेज हासिल करने के लिए 2018 में प्रारंभ की गई थी। इसके अंतर्गत ग्रामीण तथा शहरी-दोनों ही क्षेत्रों में 1,50,000 उप-स्वास्थ्य केन्द्रों (एसएचसी) तथा प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों (पीएचसी) को दिसम्बर, 2022 तक स्वास्थ्य एवं आरोग्य केन्द्रों (एचडब्ल्यूसी) में रूपान्तरित किए जाने की परिकल्पना की गई है। 13 जुलाई, 2022 तक उत्तर प्रदेश में कार्यशील एचडब्ल्यूसी की संख्या 13,832 और जौनपुर जिले में 263 है।

(ख) और (ग): राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एबी-एचडब्ल्यूसी के संचालन के लिए उत्तर प्रदेश सहित सभी राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान कर रहा है। एनएचएम पीआईपी के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को उनके प्रस्तावों के अनुसार एबी-एचडब्ल्यूसी के संचालन के लिए उनके संसाधनों के दायरे में वित्तीय अनुदान आवंटित किए जाते हैं। उत्तर प्रदेश राज्य के लिए पिछले तीन वित्तीय वर्षों (वित्त वर्ष 2019-20 से 2021-22) के दौरान राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत आयुष्मान भारत - स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों (एबी-एचडब्ल्यूसी) के तहत केंद्रीय निर्गमन और उपयोग का विवरण **अनुलग्नक-I** में दिया गया है।

इसके अलावा, पीएम-एबीएचआईएम योजना में 5 वर्षों की समयावधि में उत्तर प्रदेश के लिए 1,329 शहरी स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों के लिए सहायता शामिल है। 5 वर्षों (2021-26) के लिए प्रधानमंत्री-आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (पीएम-एबीएचआईएम) के तहत उत्तर प्रदेश राज्य को शहरी स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों के लिए 2401.50 करोड़ रुपए की निधियां आवंटित की गई है।

(घ) और (ङ): आयुष्मान भारत – प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना एक पात्रता आधारित योजना है। पात्र लाभार्थी नकद रहित उपचार प्राप्त करने के लिए किसी भी पैनलीकृत निजी अथवा सरकारी अस्पताल में सीधे जा सकते हैं। स्कीम के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए आयुष्मान कार्ड जारी किए जाते हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण ने राज्य स्वास्थ्य एजेंसियों के साथ मिलकर देश भर में लाभार्थियों को कार्ड जारी करने की प्रक्रिया को तेज किया गया है।

उत्तर प्रदेश में पात्र लाभार्थी परिवारों की संख्या का जिला-वार विवरण **अनुलग्नक-II** में दिया गया है।

**अनुलग्नक-I**

**वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2021-22 तक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के तहत उत्तर प्रदेश राज्य के लिए आयुष्मान भारत-स्वास्थ्य और आरोग्य केंद्रों के तहत केंद्रीय निर्गमन और उपयोग का विवरण**

**(करोड़ रु.में)**

| वित्तीय वर्ष | केंद्रीय निर्गमन | उपयोग |
|---|---|---|
| **2019-20** | 330.85 | 301.64 |
| **2020-21** | 279.52 | 265.43 |
| **2021-22** | 136.78 | 355.66 |

***नोट:***

*1. उपर्युक्त डाटा में एनएचआरएम के तहत आयुष्मान भारत-एच एंड डबल्यूसी और एनयूएचएम के तहत आयुष्मान भारत-एच एंड डबल्यूसी शामिल हैं।*

*2. उपर्युक्त निर्गमन केंद्र सरकार के अनुदान से संबंधित हैं और इसमें राज्य का अंशदान शामिल नहीं है।*

*3. उक्त व्यय में केंद्रीय निर्गमन, राज्य निर्गमन और वर्ष की शुरुआत में अव्ययित राशि से व्यय शामिल है। यह राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों द्वारा रिपोर्ट किए गए उपलब्ध एफएमआर के अनुसार है और इसे 31.03.2022 तक अद्यतन किया गया है।*

**अनुलग्नक-II**

## उत्तर प्रदेश में पात्र लाभार्थी परिवारों की संख्या का जिला-वार विवरण

| जिलों का नाम | पात्र लाभार्थी परिवारों की संख्या |
|---|---|
| आगरा | 1,63,254 |
| अलीगढ़ | 2,34,245 |
| इलाहाबाद | 3,12,935 |
| अम्बेडकर नगर | 1,36,393 |
| अमेठी | 1,30,569 |
| अमरोहा | 47,772 |
| औरैया | 94,803 |
| आजमगढ़ | 1,15,081 |
| बागपत | 44,269 |
| बहराइच | 2,44,457 |
| बलिया | 2,06,576 |
| बलरामपुर | 1,15,608 |
| बाँदा | 1,31,879 |
| बाराबंकी | 2,68,493 |
| बरेली | 2,36,840 |
| बस्ती | 1,46,948 |
| भदोही | 94,967 |
| बिजनौर | 2,73,966 |
| शाहजहांपुर | 1,87,740 |
| बुलंदशहर | 1,98,704 |
| चंदौली | 1,43,597 |
| चित्रकूट | 74,029 |
| देवरिया | 1,44,663 |
| एटा | 89,053 |
| इटावा | 1,01,999 |
| फैजाबाद | 1,73,360 |

| | |
|---|---|
| फर्रुखाबाद | 1,28,003 |
| फतेहपुर | 2,08,733 |
| फिरोजाबाद | 1,30,120 |
| गौतम बुद्ध नगर | 34,432 |
| गाज़ियाबाद | 1,32,485 |
| गाजीपुर | 1,46,047 |
| गोंडा | 2,00,559 |
| गोरखपुर | 2,99,343 |
| हमीरपुर | 83,507 |
| हापुड़ | 48,778 |
| हरदोई | 2,69,801 |
| हाथरस | 58,909 |
| जालौन | 1,03,683 |
| जौनपुर | 1,88,060 |
| झांसी | 1,17,272 |
| कन्नौज | 1,12,213 |
| कानपुर देहात | 1,48,246 |
| कानपुर नगर | 2,00,805 |
| कासगंज | 89,214 |
| कौशाम्बी | 1,17,241 |
| खीरी | 3,66,236 |
| कुशी नगर | 2,21,424 |
| ललितपुर | 62,842 |
| लखनऊ | 2,79,930 |
| महाराजगंज | 1,45,816 |
| महोबा | 63,803 |
| मैनपुरी | 99,957 |
| मथुरा | 1,11,371 |
| मऊ | 1,12,330 |
| मेरठ | 2,11,836 |
| मिर्जापुर | 1,96,678 |
| मुरादाबाद | 2,19,775 |

| | |
|---|---|
| मुजफ्फरनगर | 79,586 |
| पीलीभीत | 1,73,761 |
| प्रतापगढ़ | 1,80,542 |
| रायबरेली | 2,50,261 |
| रामपुर | 85,541 |
| सहारनपुर | 1,15,023 |
| संभल | 1,19,725 |
| संत कबीर नगर | 96,558 |
| शाहजहांपुर | 2,32,544 |
| शामली | 39,507 |
| श्रावस्ती | 70,888 |
| सिद्धार्थ नगर | 1,29,721 |
| सीतापुर | 4,32,755 |
| सोनभद्र | 1,72,583 |
| सुल्तानपुर | 1,40,666 |
| उन्नाव | 2,58,118 |
| वाराणसी | 2,03,103 |

******